# भुगतान की शर्तें

02.03.2021 से मान्य

ये नियम और शर्तें (जिन्हें इसके बाद "शर्तें" कहा गया है) एडमिरल मार्केट्स पीटीवाई लिमिटेड (जिसे इसके बाद "एडमिरल मार्केट्स" कहा गया है) के क्लायंट द्वारा एडमिरल मार्केट्स के खाताधारक ग्राहक के ट्रेडिंग खातों में मौद्रिक धन जमा करने अथवा निकालने (जिसे इसके बाद "भुगतान" कहा गया है) के लिए किए गए सभी हस्तांतरण के लिए लागू होती हैं।

भुगतान करने के लिए Admirals SC Ltd को एक अनुरोध प्रस्तुत करने पर, प्रत्येक ग्राहक इस बात की पुष्टि करते हैं कि वह उन्होंने ट्रेडर्स रूम के भीतर चुनी गई भुगतान पद्धति के लिए इन शर्तों को पढ़ें और समझे हैं और उससे सहमत हैं। इन शर्तों द्वारा निर्धारित मामलों के संबंध में, Admirals SC Ltd के सामान्य खाता नियम लागू नहीं होंगे।

**1. भुगतान**

1.1 ग्राहक किसी भी समय भुगतान अनुरोध सबमिट कर सकते हैं और एडमिरल मार्केट्स इसे स्वीकार करेगा, बशर्ते कि ग्राहक सामान्य खाता शर्तों के साथ-साथ एडमिरल मार्केट्स की भुगतान शर्तों का हर समय अनुपालन करते हैं। कृपया ध्यान दें कि एडमिरल मार्केट्स ग्राहक के अलावा किसी अन्य (तीसरे व्यक्ति) के खातों से निर्देशित या उत्पन्न होने वाले भुगतानों को स्वीकार नहीं करेगा और न ही संसाधित करेगा।

1.2 फंड निकालने की स्थिति में, Admirals के पास उसी बैंक, मध्यवर्ती बैंक और उसी अकाउंट में जिसका उपयोग क्लायंट द्वारा शुरुआती या कोई पिछला भुगतान करने के लिए किया गया था, ऐसे अनुरोध पूरा करने का अधिकार सुरक्षित है, भले ही क्लायंट ने निकासी के लिए कोई भी तरीका चुना हो अथवा पसंद किया हो।

1.3 Admirals के पास भुगतान के स्रोत की जांच करने के लिए अथवा Admirals द्वारा अन्यथा आवश्यक समझे जाने पर, भुगतान के निष्पादन को रोकने और किसी भी समय अतिरिक्त दस्तावेजों का अनुरोध करने का अधिकार सुरक्षित है।

**2. अतिरिक्त भुगतान का विवरण**

2.1 भुगतान का अनुरोध सबमिट किए जाने पर भुगतान के लिए लागू और अधिक विशिष्ट विवरण (जैसे भुगतान की सीमा, समय सारणी आदि) Dashboard में प्रदर्शित किए जाएंगे, जबकि प्रत्येक क्लायंट भुगतान का अनुरोध करने से पहले ऐसे विवरणों पर ध्यान देने के लिए पूरी तरह स्वयं जिम्मेवार होगा।

**3. त्रुटिपूर्ण अथवा गलत भुगतान अनुरोध**

3.1 ग्राहक को भुगतान अनुरोध में किसी भी प्रकार की गलतियों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है।इसके अलावा, यदि क्लायंट ने कोई त्रुटिपूर्ण अथवा गलत भुगतान अनुरोध कर दिया है, तो Admirals को भुगतान सेवा प्रदाता से भुगतान पुनः प्राप्त करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और न ही इस प्रकार लगे किसी शुल्क, लागत अथवा अन्य खर्च के लिए क्लायंट को प्रतिपूर्ति की जाएगी। त्रुटिपूर्ण अथवा गलत भुगतान अनुरोध के परिणामस्वरूप वहन की गई किसी भी लागत अथवा नुकसान के लिए क्लायंट Admirals को क्षतिपूर्ति करने के लिए जिम्मेवार होगा।

**4. शुल्क**

4.1 ट्रेडिंग अकाउंट अथवा डेमो अकाउंट खोलना फ्री है।

4.2 यदि किसी क्लायंट के ट्रेडिंग अकाउंट की मूल करेंसी अंतरित धनराशि की मूल करेंसी से भिन्न है तो अंतरित की गई धनराशि क्लायंट के ट्रेडिंग अकाउंट में परिवर्तित कर दी जाएगी। वह Admirals प्राप्तकर्ता बैंक जिसमें भुगतान निर्देशित किया गया है उसकी दैनिक एक्सचेंज दर का इस्तेमाल फंड को परिवर्तित करने के लिए किया जाएगा।

4.3 Admirals बैंक अकाउंट में राशि प्रदर्शित होने के बाद डिपॉजिट को एक कार्यदिवस में क्लायंट के ट्रेडिंग अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

4.4 यदि ट्रांसफर के लिए कोई अतिरिक्त बैंक सेवा शुल्क लगता है (प्राप्तकर्ता बैंक अथवा मध्यवर्ती बैंक से) तो इस राशि को ट्रांसफर किए जाने वाले फंड से काट लिया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप क्लायंट को मूल रूप से अपेक्षित राशि से कम राशि प्राप्त हो सकती है।Admirals अन्य बैंकों द्वारा ट्रांसफर पर लगाए गए किसी भी सेवा शुल्क के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

4.5 यदि किसी ट्रांसफर पर सेवा शुल्क डेबिट होता है (अर्थात् एक प्रकार का ट्रांसफर सेवा शुल्क जैसे "लाभार्थी के सभी शुल्क" अथवा "साझा लागत") तो ये किसी Admirals बैंक अकाउंट में दिए जाने चाहिए, इस राशि को क्लायंट के ट्रेडिंग अकाउंट में ट्रांसफरकी जाने वाली राशि से काट लिया जाएगा।

4.6 Admirals उसी कारोबारी दिन ग्राहक के ट्रेडिंग खाते से धन निकासी की प्रक्रिया करता है, बशर्ते धन की निकासी का अनुरोध 17:00 बजे से पहले Admirals तक पहुंच गया हो। व्यावसायिक दिनों या सप्ताहांत, राष्ट्रीय और बैंक छुट्टियों पर 17:00 बजे के बाद Admirals द्वारा प्राप्त निकासी के अनुरोधों पर अगले व्यावसायिक दिन पर कार्रवाई की जाएगी। Admirals के किसी भी बोनस अभियान में भाग लेने के मामले में वापसी की जाँच में अधिक समय लग सकता है।

4.7 लागू शुल्क को उसी आधार करेंसी में वसूल किया जाता है जो क्लायंट के ट्रेडिंग अकाउंट में इस्तेमाल की गई है – अर्थात् यदि किसी अकाउंट की मूल करेंसी AUD में है तो शुल्क भी AUD में ही वसूला जाएगा, यदि किसी अकाउंट की मूल करेंसी EUR में है तो शुल्क भी EUR में ही वसूला जाएगा।

4.8 कृपया ध्यान दें कि ट्रेडिंग के लिए अलग से शुल्क लग सकता है, जो रात भर धारित किए गए किसी इंस्ट्रूमेंट की पॉजिशन के लिए रोलओवर

(उदाहरण के लिए स्वैप अथवा ब्याज शुल्क) से संबंधित होता है और Admirals की वेबसाइट पर अनुबंध विनिर्देश (कॉन्ट्रैक्ट स्पेसीफिकेशन) खण्ड में निर्धारित नियम और शर्तों के अनुरूप स्टॉक CFD और इंडेक्स CFD पर पॉजिशन के लिए लाभांश समायोजन के क्रेडिट/डेबिट से संबंधित होता है।

**5. स्थानीय कानून**

5.1 चूंकि वित्तीय सेवाओं और मौद्रिक संचालन से संबंधित कानून और विनियम एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में काफी अलग-अलग हो सकते हैं, इसलिए प्रत्येक ग्राहक सभी स्थानीय नियमों का पालन करने के लिए पूरी तरह स्वयं उत्तरदायी होगा, विशेष रूप से सभी लागू कर देनदारियों के संबंध में।

**6. भुगतान प्रणाली में खराबी**

6.1 प्रत्येक क्लायंट को ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की विफलता, देरी और/अथवा व्यवधान की अंतर्निहित असुरक्षा को ध्यान में रखना चाहिए, विशेष रूप से भुगतान सेवा प्रदाता (पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर) से जुड़ी समस्याओं को ध्यान में रखना चाहिए।क्लाइंट को सलाह दी जाती है कि वह अपने एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें और वायरस के संबंध में अपने कंप्यूटर की निरंतर जांच करें।

6.2 किसी भी परिस्थिति में Admirals को भुगतान सेवा प्रदाता से संबंधित अथवा उस द्वारा संचालित भुगतान प्रणाली और/अथवा किसी अन्यतकनीकी प्रणाली में विलंब, खराबी और/अथवा आउटेज के लिए और/अथवा ऐसे विलंब, खराबी और/अथवा आउटेज के परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।